बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा परिसर हेतु – प्रस्ताव के लिये निमंत्रण

बैंक ऑफ बड़ौदा वाणिज्यिक उपयोग हेतु अनुमति प्राप्त भूमि और **1500 - 1900** (सिर्फ जमीनी सतह पर) वर्गफुट चटाई क्षेत्र (कार्पेट एरिया) वाली निर्मित संपत्ति पर स्पष्ट और बाजार योग्य स्वत्वाधिकार रखने वाले स्वामियों/ बिल्डरों/ डेवलपरों से दो बोली पद्धति में प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जिसे बैंक निम्नलिखित क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा, **अकोला शाखा** के लिये किराये/ लीज के आधार पर अधिग्रहित करना चाहता है।

१) नेकलेस रोड, अकोला
२) सिविल लाईन्स, अकोला
३) गोरक्षण रोड, अकोला

सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों/ बैंकों/ उपक्रमों और सरकारी विभागों की ओर से प्राप्त प्रस्तावों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

दोहरी बोली प्रणाली के अनुरूप दो मुहरबंद लिफाफों में प्रस्तावों में निम्नलिखित विवरण होने चाहिए-
लिफाफा नं (1) "तकनीकी बोली" – चिन्हित लिफाफों में पूर्ण तकनीकी विवरण यथा विस्तृत पते सहित स्थान , **निर्माण कार्य संपन्न होने/कब्जा प्रमाणपत्र सहित स्केल से तैयार मंजूरी प्राप्त प्लान, अधिग्रहित किये जाने वाले हिस्से का चटाई क्षेत्र (कार्पेट एरिया) आंतरिक फिनिशेस, सुविधाओं, कार पार्किंग, रेलवे स्टेशन से दूरी** इत्यादि विशेषताओं का उल्लेख होना चाहिए। **"तकनीकी बोली"** में मूल्य संबंधी कोई उल्लेख नहीं किया जाएं।

लिफाफा नं (2) "वित्तीय बोली" - चिन्हित लिफाफों में केवल वित्तीय विवरण दिए जाएं यथा – चटाई क्षेत्र (कार्पेट एरिया) पर प्रति वर्ग फुट दर, नगरपालिका कर और पट्टे संबंधी व्यय इत्यादी. चटाई क्षेत्र (कार्पेट एरिया) में सीढ़ियां, कॉरिडॉर और गलियारे, पोर्च, लिफ्ट के लिए शाफ्ट व मशीन रूम, वातानुकूलन यंत्र के लिए जगह, लॉफ्ट, दीवार में बनाई गई अलमारियां, मध्यवर्ती खम्भे/स्तम्भ, विभाजक और दीवारों तथा अन्य अवरोध, वरांडे और बाल्कनियां, बाथरूम और शौचालय इत्यादि शामिल नहीं होंगे।

प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण के लिए नियम अंतिम तारीख से न्यूनतम 120 दिनों की अवधि के लिए प्रस्ताव वैध होना चाहिए। किसी भी प्रकार की दलाली का भुगतान नहीं किया जाएगा। **"तकनीकी बोली"** और **"वित्तीय बोली"** चिन्हित मुहरबंद लिफाफों पर स्पष्ट रूप से विज्ञापन का संदर्भ देते हुए तथा आवेदक का नाम और पता लिखकर, दोनों लिफाफों को एक मुहरबंद लिफाफे में रखा जाए और निम्नलिखित पते पर दिनांक **23.11.2022 अपराह्न 3:00** बजे तक प्रस्तुत करें।

क्षेत्रीय प्रबंधक,
बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय,
प्लॉट क्र. 1243, PDMMC के सामने,
मोर्शी रोड, राधा नगर,
अमरावती 444603

तकनिकी बोली दिनांक 23.11.2022 को अपराह्न 04.00 बजे खोली जाएगी।
इस प्रक्रिया के संबंध में किसी भी समय बैंक द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम और निर्णायक होगा और इस विषय में किसी भी ओर से कोई दावा या विवाद विचारणीय नहीं होगा।